भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1111

जिसका उत्तर 12 दिसंबर, 2023 को दिया गया

उत्तर पूर्व क्षेत्र में विद्युत उत्पादन क्षमताएं

1111. श्री मिथलेश कुमार:
डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी:
श्री सतीश चंद्र दूबे:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के उत्तर पूर्व क्षेत्र में विद्युत उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने या उसमें विस्तार करने के लिए कार्यान्वित पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उत्तर पूर्व क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति क्षमता को बढ़ाने के लिए कार्यान्वित परियोजनाओं और इन पहलों से संभावित रूप से लाभान्वित होने वाले विशिष्ट राज्यों सहित उन परियोजनाओं के नाम, स्थान, क्षमता संवर्धन और कार्य निर्माण के समापन की अनुमानित तिथियों का विस्तृत ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) : हमारे देश के पूर्वोत्तर भाग के राज्य बृहत् जलविद्युत क्षमता से संपन्न हैं। जलविद्युत विकास में निवेश आकर्षित करने के लिए सरकार ने निम्नलिखित पहलें की हैं:

- बृहत् हाइड्रो विद्युत (एलएचपी) (>25 मेगावाट परियोजनाओं) को नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत घोषित करना।
- जलविद्युत क्रय दायित्व (एचपीओ) स्थापित करना
- जलविद्युत टैरिफ को कम करने के लिए टैरिफ युक्तिकरण उपाय।
- जल विद्युत परियोजनाओं (एचईपी) में बाढ़ नियंत्रण/भंडारण के लिए बजटीय सहायता।
- सक्षम अवसंरचनाओं, अर्थात सड़कों/पुलों की लागत के लिए बजटीय सहायता।
- नई जल विद्युत परियोजनाओं के लिए अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) प्रभारों की पूर्ण 100% छूट, जिसमें निर्माण कार्य सौंपा गया है और विद्युत क्रय करार (पीपीए) पर दिनांक 30.06.2025 को या उससे पहले हस्ताक्षर किए गए हैं। जहां निर्माण कार्य सौंपा गया है और दिनांक 30.06.2025 के बाद पीपीए पर हस्ताक्षर किए गए हैं, वहां आईएसटीएस प्रभार ट्रैजेक्ट्री की छूट के ब्यौरे **अनुबंध-I** में दिए गए हैं।

(ख) : पूर्वोत्तर क्षेत्र में कुल 11,703 मेगावाट (ऊर्जा के पारंपरिक स्रोतों से 6,760 मेगावाट और ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्रोतों से 4,943 मेगावाट) की संस्थापित क्षमता की परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इसके ब्यौरे **अनुबंध-II** में दिए गए हैं।

वर्तमान में, देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में 6,037 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता की आठ जलविद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इनके ब्यौरे **अनुबंध-III** में दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में सत्रह जलविद्युत स्कीमों (कुल 14,589 मेगावाट की) को सहमति प्रदान की है। इनके ब्यौरे **अनुबंध-IV** में दिए गए हैं।

****

<u>अनुबंध-I</u>

राज्य सभा में दिनांक 12.12.2023 को उत्तर दिए गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1111 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

आईएसटीएस प्रभार ट्रेजेक्ट्री छूट के ब्यौरे जहां निर्माण कार्य सौंपा गया है और पीपीए पर दिनांक 30.06.2025 के बाद हस्ताक्षर किए गए हैं

क्र.सं	**निर्माण कार्य सौंपना + पीपीए पर हस्ताक्षर करना**	**आईएसटीएस प्रभारों की छूट**
1	दिनांक 01.07.2025 से 30.06.2026 तक	75%
2	दिनांक 01.07.2026 से 30.06.2027 तक	50%
3	दिनांक 01.07.2027 से 30.06.2028 तक	25%

यह छूट कमीशनिंग के 18 साल बाद तक लागू होगी

****

अनुबंध-II

राज्य सभा में दिनांक 12.12.2023 को उत्तर दिए गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1111 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित शुरु की गई विद्युत परियोजनाओं (ऊर्जा के पारंपरिक स्रोतों से) के ब्यौरे (दिनांक 31.10.2023 तक की स्थिति के अनुसार)

राज्य	परियोजना का नाम	ईंधन	क्षमता (मेगावाट में)
अरुणाचल प्रदेश	कामेंग एचपीएस	हाइड्रो	600
	पारे	हाइड्रो	110
	रंगनाडी एचपीएस	हाइड्रो	405
असम	कार्बी लैंगपी एचपीएस	हाइड्रो	100
	लकवा जी.टी	गैस	97
	लकवा प्रतिस्थापन विद्युत परियोजना	गैस	70
	नामरूप सीसीपीपी	गैस	139
	कथलगुड़ी सीसीपीपी	गैस	291
	खोंडोंग एचपीएस	हाइड्रो	50
	कोपिली एचपीएस	हाइड्रो	200
	बोंगाईगांव टीपीपी	कोयला	750
मणिपुर	लीमाखोंग डीजी	डीज़ल	36
	लोकतक एचपीएस	हाइड्रो	105
मेघालय	किर्डेमकुलई एचपीएस	हाइड्रो	60
	मिंतडू (लेश्का) एसटी-1 एचपीएस	हाइड्रो	126
	न्यू उम्त्रू एचपीएस	हाइड्रो	40
	उमियाम एचपीएस एसटी-I	हाइड्रो	36
	उमियाम एचपीएस एसटी-IV	हाइड्रो	60
मिजोरम	तुइरियल एचपीएस	हाइड्रो	60
नागालैंड	डोयांग एचपीएस	हाइड्रो	75
त्रिपुरा	अगरतला जी.टी	गैस	135
	मोनारचक सीसीपीपी	गैस	101
	त्रिपुरा सीसीपीपी	गैस	727
	बारामुरा जी.टी	गैस	42
	रोखिया जी.टी	गैस	63
सिक्किम	रंगित एचपीएस	हाइड्रो	60
	तीस्ता V एचपीएस	हाइड्रो	510
	तीस्ता-III एचपीएस	हाइड्रो	1,200
	ताशीदिंग एचपीएस	हाइड्रो	97
	रोंगनिचू एचपीएस	हाइड्रो	113
	चुज़ाचेन एचपीएस	हाइड्रो	110
	जोरेथांग लूप	हाइड्रो	96
	डिक्चु एचपीएस	हाइड्रो	96

एचपीएस - जल विद्युत स्टेशन, जीटी - गैस टर्बाइन, सीसीपीपी - संयुक्त चक्र विद्युत संयंत्र, एसटी - स्टीम टर्बाइन

पूर्वोत्तर क्षेत्र में दिनांक 30.11.2023 तक की स्थिति के अनुसार ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्रोतों की राज्य-वार संस्थापित क्षमता

(मेगावाट में)

	राज्य	लघु जल विद्युत	जैव विद्युत	सौर विद्युत	बृहत् जल विद्युत	कुल क्षमता
1	**अरुणाचल प्रदेश**	133	-	12	1,115	1,260
2	**असम**	34	2	156	350	542
3	**मणिपुर**	5	-	13	105	123
4	**मेघालय**	55	14	4	322	395
5	**मिजोरम**	45	-	30	60	136
6	**नागालैंड**	33	-	3	75	111
7	**सिक्किम**	55	-	5	2,282	2,342
8	**त्रिपुरा**	16	-	18	-	34

****

अनुबंध-III

राज्य सभा में दिनांक 12.12.2023 को उत्तर दिए गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1111 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

पूर्वोत्तर क्षेत्र में निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजनाओं (25 मेगावाट से अधिक) की सूची

क्र.सं	**परियोजना का नाम**	**क्षेत्र**	**निष्पादन के अधीन क्षमता (मेगावाट में)**	**समापन का अनुमानित वर्ष**
अरुणाचल प्रदेश				
1	सुबनसिरी लोअर	केंद्रीय	2,000	2023-26 (मई'25)
2	दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना	केंद्रीय	2,880	2031-32 (फरवरी'32)
असम				
3	लोअर कोपली	राज्य	120	2024-25 (मार्च'25)
सिक्किम				
4	तीस्ता स्टे. VI	केंद्रीय	500	2026-27 (अगस्त'26)
5	रंगित-IV	केंद्रीय	120	2024-25 (अगस्त'24)
6	भासमे	निजी	51	-
7	रंगित-II	निजी	66	-
8	पैनन	निजी	300	-

****

अनुबंध-IV

राज्य सभा में दिनांक 12.12.2023 को उत्तर दिए गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1111 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

उत्तर पूर्वी क्षेत्र में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा सहमति प्रदान की गई जल विद्युत स्कीमों के ब्यौरे

क्र.सं	स्कीम का नाम	राज्य	संस्थापित क्षमता (मेगावाट में)	समापन का अनुमानित वर्ष
1.	तीस्ता स्टे.-IV	सिक्किम	520	2031-32
2.	तवांग स्टे.-I	अरुणाचल प्रदेश	600	2031-32 के आगे
3.	वाह-उमियम चरण-III	मेघालय	85	2029-30
4.	तवांग स्टे.-II	अरुणाचल प्रदेश	800	2031-32 के आगे
5.	हेओ	अरुणाचल प्रदेश	240	2028-29
6.	तातो-I	अरुणाचल प्रदेश	186	2028-29
7.	तातो- II	अरुणाचल प्रदेश	700	2031-32 के आगे
8.	डेमवे लोअर	अरुणाचल प्रदेश	1750	2031-32
9.	कलाई II	अरुणाचल प्रदेश	1200	2031-32 के आगे
10.	तालोंग लोंडा	अरुणाचल प्रदेश	225	2031-32
11.	एटालिन	अरुणाचल प्रदेश	3,097	2030-31
12.	नफरा	अरुणाचल प्रदेश	120	2027-28
13.	हिरोंग	अरुणाचल प्रदेश	500	2031-32 के आगे
14.	नायिंग	अरुणाचल प्रदेश	1,000	2031-32 के आगे
15.	अटुनली	अरुणाचल प्रदेश	680	2030-31
16.	लोअर सियांग	अरुणाचल प्रदेश	2,700	2031-32 के आगे
17.	दिखु	नागालैंड	186	2030-31

****